# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
# महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ : नवम्बर 2017

## तृतीय दीक्षान्त समारोह दिनांक 14 नवम्बर, 2017

दिनांक 14 नवम्बर, 2017 को विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षान्त समारोह आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत भाषण दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ0 धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री मौजूद रहे। समारोह में सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण स्नातक में 1738, परास्नातक में 4766, पी0जी0 डिप्लोमा में 98, डिप्लोमा में 830 तथा प्रमाण पत्र में 442 कुल 7838 उपाधियॉ प्रदान की गई। मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा इन पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 19 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा इन्हीं में से 02 विद्यार्थियों (एक स्नातक स्तर पर एवं एक स्नातकोत्तर स्तर पर) को कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं 03 छात्राओं को हल्द्वानी नगर के एक व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ0 प्रमोद अग्रवाल ‘गोल्डी’ के द्वारा प्रायोजित स्वर्ण पदक दिये गए।




*दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करते हुए माननीय श्री राज्यपाल एवं माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत।*

पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सूची

**कुलाधिपति स्वर्ण पदक:**

1. दृष्टि बौड़ाई , बी0ए0
2. उत्तम प्रसाद सेमवाल, एम0एस0सी0

**विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक 2016-17**

1. दृष्टि बौड़ाई , बी0ए
2. मिताली मधुस्मिता साहू , बी0कॉम0
3. ललिता गड़िया, बी0एच0एम0
4. पूजा शर्मा, बी0वाई0एन0
5. कुमारी आरती, एम0ए0 (अंग्रेजी)
6. जगत सिंह, एम0ए0 (हिन्दी)
7. मुकेश कुमार, एम0ए0 (संस्कृत)



*दीक्षांत समारोह के शुभारंभ में माननीय श्री राज्यपाल महोदय एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत दीप प्रजवलन करते हुए।*

8. अजीत कुमार सैनी, एम0ए0 (शिक्षाशास्त्र)
9. डिम्पल गुप्ता, एम0ए0 (इतिहास)
10. दीपक सिंह रौतेला, एम0ए0 (राज0 विज्ञान)
11. ममता कठायत, एम0एस0डब्लू0
12. हिमांशु बहुगुणा, एम0ए0 (समाजशास्त्र)
13. मनवीर सिंह, एम0ए0 (अर्थशास्त्र)
14. प्रियंका बलोधी, एम0बी0ए0
15. मनीषा पाण्डे, एम0 कॉम0
16. रमिता महर्जन, एम0ए0 (योग)
17. उत्तम प्रसाद सेमवाल, एमएससी (व0 विज्ञान)
18. अनुराधा जोशी, एमएससी (रसा0 विज्ञान)
19. भारत भूषण, एमएससी (भौतिकी)



*माननीय श्री राज्यपाल महोदय से गोल्ड मैडल प्राप्त करते हुये विद्यार्थी*

**सामाजिक कार्यकर्ता डॉ0 प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' के द्वारा प्रायोजित स्वर्ण पदक:**

1. दृष्टि बौड़ाई, बी0ए0
2. कुमारी आरती, एम0ए0 (अंग्रेजी)
3. मनीषा पाण्डे, एम0 कॉम0

दिनांक 13 नवम्बर, 2017 को विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस पर मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय का दीक्षांत भाषण उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो 'हैलो हल्द्वानी' 91.2 मेगा हट्ज में प्रसारित किया गया।

दीक्षांत समारोह के पूर्व दिवस पर विश्वविद्यालय में कार्य परिषद एवं विद्या परिषद की बैठकें भी हुई, इसमें दीक्षांत समारोह में वितरित की जाने वाली उपाधियों, डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्रों को परिषदों ने अनुमोदित किया। कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, कार्यपरिषद एवं विद्या परिषद के सदस्य मौजूद थे।

## शौर्य दीवार अनावरण समारोह

## दिनांक- 29/11/2017




विश्वविद्यालय में निर्मित शौर्य दीवार का अनावरण करते उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत साथ में माननीय कुलपति एवं अन्य।

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में शौर्य दीवार का अनावरण माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत द्वारा किया गया।

इस शौर्य दीवार के निर्माण का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को प्रदेश के शहीद वीर सपूतों के सम्बन्ध में अवगत कराना है ताकि उनमें देश भक्ति की भावना को जागृत किया जा सके। अनावरण समारोह में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने कहा की व्यक्तिगत परीक्षा कराने की जिम्मेदारी अब पूरी तरह से उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के पास आ गयी है। पहले से ही चालीस हजार छात्रों को दूरस्थ शिक्षा दे रहे मुक्त विश्वविद्यालय पर लगभग तीस हजार विद्यार्थियों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है, ऐसे में विश्वविद्यालय से बहुत उम्मीदें हैं और जिस भी स्तर पर उनके सहयोग की आवश्यकता होगी वह करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उनके राज्य के कई महाविद्यालयों में फैकल्टी व आधारभूत संरचना की कमी है, जिसके चलते विद्यार्थी अपने मनपसंद पाठ्यक्रम में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं इसकी भरपाई के लिए उन्होंने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की शाखाएं उन-उन महाविद्यालयों में खोले जाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो राज्य के विद्यार्थी बहुत कम शुल्क में एम0बी0ए0, एम0सी0ए0 व बी0एड0 जैसे पाठ्यक्रमों को कर सकेंगे, जिसका श्रेय उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को जाएगा। इससे छात्र संख्या के स्तर पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय(इग्नू) के साथ खड़ा दिखेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा रखे गए हिमालयन शोध केन्द्र के प्रस्ताव पर रुचि जाहिर करते हुए अपने स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।




शौर्य दीवार अनावरण समारोह में संबोधित करते माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत

कार्यक्रम में पूर्व सांसद बची सिंह रावत ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों बहुत सराहना की। उन्होंने हिमालयी शोध केन्द्र की अवधारणा की भी सराहना की और कहा कि अच्छे मकसद के लिए अगर उन्हें केन्द्र तक भी गुहार लगानी पड़े तो वह लगाएंगे। हिमालयी शोध केन्द्र पहाड़ की विरासत के संरक्षण का कार्य करेगा इससे बेहतर और क्या हो सकता है।

कार्यक्रम के अंत में विवि के कुलसचिव प्रो आर सी मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विवि अपने इन सभी एप्लीकेशन्स और सामुदायिक रेडियो हैलो हल्द्वानी के जरिये अपने समाज तक व स्टूडेंट्स तक पहुंचने का प्रयास करेगा व हमेशा उनसे जुड़ा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेन्द्र कैड़ा ने किया।

**(शौर्य दीवार अनावरण समारोह से संबंधित छायाचित्र संलग्न है- ख)**

## भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित प्रदर्शिनी

शौर्य दीवार अनावरण समारोह में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री ने भारत छोड़ो आंदोलन में उत्तराखंड की भूमिका से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी भी देखी, जो कि समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर लगाई गई थी। कार्यक्रम में समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो. गिरिजा पांडे ने बताया कि देश का हर विवि भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है. उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 24 नवंबर को हल्द्वानी से भारत छोड़ो आंदोलन के लिए व्यकितगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई थी। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री के सामने एक हिमालयन शोध केन्द्र खोले जाने का प्रस्ताव रखा और उसकी रूपरेखा में बताया कि इस केन्द्र के माध्यम से हम उत्तराखंड की सांस्क़ृतिक व एतिहासिक परंपराओं को संकलित कर सकते हैं। इसके तहत हम कई सारी विधाओं में हिमालयी अध्ययन कर सकते हैं, मसलन भाषा, संस्कृति, पर्यटन, स्थापत्य, जातीय समाजों का अध्ययन, उच्च हिमालयी अध्ययन अपनी हिमानी नदियों को बचाने समेत कई कार्यों को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विवि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिनिधि संस्था के रूप में विकसित होगा और नयी परंपराओं को बनाएगा। कार्यक्रम में जनरल ए के भंडारी का परमवीर चक्र पर दिया साक्षातकार भी प्रसारित किया गया।




*शौर्य दीवार का अनावरण के पश्चात् भारत छोड़ो आंदोलन में उत्तराखंड की भूमिका से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी देखते उच्च शिक्षा मंत्री।*

# उच्च शिक्षा में गुणात्मक व संख्यात्मक प्रबंधन विषय पर कार्यशाला



दून विश्वविद्यालय में कार्यशाला का शुभारंभ करते माननीय श्री राज्यपाल एवं माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत

उच्च शिक्षा में गुणात्मक व संख्यात्मक प्रबंधन विषय पर दून विश्वविद्यालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें माननीय कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य देश व प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता व शोध कार्यों की गुणवत्ता को बढ़ाना जैसे विषयो पर विचार विमर्श करना व राज्य के कॉलेजों के प्रधानाचार्यों व विश्वविद्यालयो के कुलपतियों से सुझाव आमंत्रित करना था ताकि इस दिशा में बेहतर कार्य किया जा सके | इस कार्यशाला में महामहिम राज्यपाल, डॉ. के. के. पाल, उत्तराखंड, केन्द्रीय मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह व प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कार्यशाला में उपस्थित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयो के कुलपतियों व प्रदेश के कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को संबोधित किया |




उच्च शिक्षा में गुणात्मक व संख्यात्मक प्रबंधन विषय पर दून विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभाग करते कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव

इस कार्यशाला में महामहिम द्वारा राज्य के कॉलेजों व विश्वविद्यालयो में बेहतर शैक्षणिक व अकादमिक माहौल तैयार करने पर बल दिया तथा प्रदेश के शिक्षकों के लिए समय समय पर रिफ्रेशर कोर्सेज व कार्यशालाओं के आयोजन की बात कही | इसके अतिरिक्त उन्होंने नई तकनीक के उपयोग पर भी बल दिया ताकि शिक्षक व छात्र नई जानकारी व सूचनाएँ प्राप्त कर सके |

केन्द्रीय मानव संसाधन एवं विकास राज्यमंत्री द्वारा शिक्षा को संस्कार, संस्कृति व रोजागर से जोड़ने पर बल दिया ताकि छात्र इनसे अवगत हो सके तथा संस्कार व संस्कृति के मूल्यों को अपने जीवन में उतार सके| उन्होंने देश में किये जाने वाले शोध कार्यों,

आयोजित किये जाने वाले सेमीनार व कांफ्रेंस पर की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े किये| उन्होंने कहा कि जल्द ही इस विषय पर केन्द्र सरकार नए नियम व ए पी आई में बदलाव लाने जा रही है ताकि शोध कार्यों की गुणवत्ता को बढाया जा सके|

माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा प्रदेश की उच्च शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया| इसमें मुख्यता सभी कालेजों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति, पुस्तक दान करने का अभियान, यू जी सी के दिशा निर्देश के अनुसार कॉलेजों व विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी की अनिवार्यतः विश्वविद्यालयों के लिए अम्ब्रेला एक्ट, दीक्षांत समारोह के लिए नए ड्रेस कोड व की 180 दिनों की पढाई की सुनिश्चितता आदि है |

## डिजिटल क्रांति में विश्वविद्यालय का योगदान

### यू ओ यू एप का लोकार्पण

विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर डिजिटल क्रांति में अपना सक्रिय सहयोग व योगदान प्रदान किया जाता रहा है| इसी कड़ी में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये यू ओ यू एप का लोकार्पण डॉ. धन सिंह रावत, माननीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 नवम्बर, 2017 को किया गया| इस एप को विद्यार्थी अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर सकते है तथा इसकी सहायता से वह प्रवेश, पाठ्य सामग्री, सत्रीय कार्य, विडिओ लेक्चर व विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली अद्यतन जानकारी व घोषणाओं से अवगत हो सकेगा|



*विश्वविद्यालय एप का लोकार्पण करते माननीय उच्च शिक्षा मंत्री*

इस सुविधा से विधार्थी अपनी सुविधा के अनुसार प्रदेश के किसी भी कोने में अपने, प्रवेश व पाठ्य समग्री को प्रेषित किये जाने की जानकारी, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी जैसे परीक्षा सारणी, परीक्षा परिणाम, सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन व उनके विषय से सम्बंधित वीडियो लेक्चर को देख सकते है व इससे लाभान्वित हो सकते है|

## डिजिटल एप का लोकार्पण

भारत सरकार द्वारा शुरू किये गए डिजिटल कार्यक्रमों की कड़ी में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा भी प्रदेश की जनता को डिजिटल एप की सहायता से विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ उनके निवास स्थान पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है | इस डिजिटल एप का लोकार्पण डॉ0 धन सिंह रावत, माननीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 नवम्बर, 2017 को किया गया |




*डिजिटल एप का लोकार्पण करते डॉ0 धन सिंह रावत, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री*

इस एप की सहायता से प्रदेश के दूरदराज के ग्रामीण अपनी सुविधानुसार पानी के बिल, बिजली के बिल, रसोई गैस की बुकिंग, रेल व बस टिकट की बुकिंग का भुगतान और अपने आधार कार्ड की जानकारी प्राप्त कर सकते है | साथ ही वह देश व प्रदेश के अद्यतन जानकारी व घटनाओं से अवगत हो सकते है | विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश में शुरू किया गया यह अपनी तरह का अनूठा प्रयास है जिससे प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने बिजली, पानी तथा गैस आदि के बिलों के भुगतान के लिए किसी और पर आश्रित नहीं होना पड़ेगा |

## विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण

विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण भी डॉ. धन सिंह रावत, माननीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 नवम्बर, 2017 को किया गया | इस वेबसाइट को विद्यार्थिओं की सुविधा के लिए नए रूप में प्रस्तुत किया गया है |

विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट नवीनतम ओपन सोर्स टेक्नोलॉजी में बनी है और इसकी गति अधिक तीव्र है। यह कम इन्टरनेट स्पीड में भी आसानी से खुल सकती है | इसकी सहायता से विद्यार्थी अकादमिक कैलेन्डर, प्रवेश, सत्रीय कार्य, परीक्षा सम्बन्धी जानकारी, परीक्षा परिणाम, कार्यशाला, प्रयोगात्मक परीक्षा, ई बुक्स (पाठ्य सामग्री),तथा विश्वविद्यालय सम्बन्धी अन्य सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकता है|

इस नवीन वेबसाइट में 1000-2000 नही, बल्कि लाखों वेब पेजेज में कंटेंट है, जिसे प्लेसमेंट छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों व उनकी फीडबैक के आधार पर तैयार किया गया है, ताकि उन्हें सम्बंधित जानकारी आसानी से मिल सके | इसमें इमेज, विडियो गैलरी तथा सुचना का आर्काइव भी बनाया है।




*विश्वविद्यालय की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण करते डॉ0 धन सिंह रावत, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री*

इसके अतिरिक्त इसमें विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो केंद्र हेलो हल्द्वानी के दैनिक कार्यक्रम की सूची तथा सभी रेडियो कार्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे, ताकि छात्र उन्हें अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी सुन सके |

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव ने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा उद्घाटन किये गए विश्वविद्यालय के ये तीनों ही एप आम व सीमांत जन तक डिजीटल इंडिया के मिशन को पहुंचाने की गरज से बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विवि तकनीकि का उपयोग प्रदेश के विकास में करना चाहता है उन्होंने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय से पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए इन एप्लीकेशन्स को बहुत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि विवि गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों को पहुंचाने के साथ ही इस एप के माध्यम से अच्छे लेक्चर भी विद्यार्थियों तक पहुंचाएगा। मोबाइल में इस एप के होने से विद्यार्थी विवि की हर गतिविधि से भी पल पल अपडेट रह सकेंगे।

## OERs व Moodle LMS की सहायता से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के निर्माण के लिए कार्यशाला

वर्तमान समय में तकनीक आधारित पाठ्यक्रमों की बढती माँग को ध्यान में रखते हुए उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा CEMCA के सहयोग से Open Educational Resources व Moodle विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया |




*डॉ जितेंद्र पांडे द्वारा कार्यशाला का संचालन*

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को Open Educational Resources से अवगत कराना, Online Courses के निर्माण के प्रयोग में आने वाले Tools की जानकारी प्रदान करना व Moodle की सहायता से Online Courses का निर्माण करना था |

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न शैक्षणिक संस्थान, Uttarakhand Open University- Haldwani, Birla Institute of Applied Science- Bhimtal, Amrapali Institute of Management & Computer Applications- Haldwani and Uttarakhand Science Education and Research Center- Dehradun से 20 प्रतिभागियो ने प्रतिभाग किया| कार्यशाला का संचालन कार्यशाला के समन्वयक डॉ. जितेंदर पांडे द्वारा किया गया| प्रो. दुर्गेश पन्त, निदेशक कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा स्काइप के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया गया|



*माननीय कुलपति प्रो. नागेश्वर राव जी स्काइप के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए*



*प्रो. दुर्गेश पन्त, निदेशक कम्प्यूटर साइंस विभाग स्काइप के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित*

माननीय कुलपति प्रो. नागेश्वर राव जी द्वारा भी स्काइप के माध्यम से प्रतिभागियों को ब्लेंडेड लर्निंग के लिए Open Educational Resources व LMS के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया|

कार्यशाला की मुख्य विषय विशेषज्ञ डॉ जी. मैथली, डिप्टी डायरेक्टर, STRIDE, IGNOU, नई दिल्ली द्वारा इस तीन दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की कार्यप्रणाली, Learning Management System (Moodle), Moodle की कार्यप्रणाली, व ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में छात्रों का पंजीकरण, छात्रों का मूल्यांकन के बारे में व्यक्तिगत प्रशिक्षण दिया गया |




*विषय विशेषज्ञ डॉ. जी मैथिलि Open Educational Resources व Moodle विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी देतु हुए*

इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों ने OERs and Creative Common Licenses, OERs की सहायता से ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के निर्माण तथा ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत होने वाले छात्रों के मूल्यांकन के बारे में जाना तथा साथ ही इस सम्बन्ध में व्यक्तिगत प्रशिक्षण भी ग्रहण किया।




*कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए प्रतिभागी*

## मानव अधिकार के प्रति जागरूकता

विश्वविद्यालय मुक्त विश्वविद्यालय की विधि विद्याशाखा द्वारा व्यवसायिक अध्ययन विद्याशाखा के सहयोग से दिनांक 27/11/2017 को 'महिलाओं के विधिक अधिकारों के सम्बन्ध में' जागरूकता उत्पन्न करने हेतु बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यालय, हल्द्वानी में किया गया। प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय कुमांऊ विश्वविद्यालय नैनीताल, यूनिटी लॉ कालेज रूद्रपुर, चाणक्य लॉ कॉलेज, रूद्रपुर, वासुदेव लॉ कालेज हल्द्वानी, लखनऊ विश्वविद्यालय, एस.जी.आर.आर. पी0जी0 कालेज, देहरादून, बाबा भीमराव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी लखनऊ के लगभग 70 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रयोजित किया गया था। प्रतियोगति में यूनिटी लॉ कालेज रूद्रपुर बी0ए0 एल0एल0बी0 की द्वारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान चाणक्य लॉ कॉलेज की वनिका वर्मा, हर्षिता पन्त, तबस्सुम, समय गौड़ एवं वासुदेव



*विधि दिवस के कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते कुलपति प्रो0 राव*




*विधि दिवस के कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण करते कुलपति प्रो0 राव*

कॉलेज ऑफ लॉ की मोनिका मेहरा रहीं। सभी विजेताओं का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव व विधि विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे द्वारा प्रदान किया गया।

प्रो0 राव द्वारा विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम का संचालन विधि विद्याशाखा के समन्वयक डॉ0 दीपांकुर जोशी द्वारा किया गया।

## परीक्षा

विश्वविद्यालय वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा प्रदेश के 51 परीक्षा केन्द्रों में दिनांक 01 दिसम्बर 2017 से 29 दिसम्बर 2017 तक आयोजित हो रही है। मुख्य परीक्षा में कुल 12,796 परीक्षार्थी, बैक में 8,393 परीक्षार्थी व सुधार परीक्षा में कुल 200 परीक्षार्थी (**कुल 21,389 परीक्षार्थी**) सम्मिलित होंगे। जिनके प्रवेश पत्र ऑनलाईन नवम्बर में जारी कर दिये गए है।

परीक्षा केन्द्रों में औचक निरीक्षण हेतु टीम का गइन किया गया जिसमें 02 से 03 सदस्यों की कुल 09 टीमें नामित की गई है। जिसमें प्रथम चरण की टीमें दिनांक 06 से 13 दिसम्बर 2017 तक व द्वितीय चरण की टीमें दिनांक 18 से 22 दिसम्बर 2017 तक कार्य करेंगी।

नवम्बर माह में 313 मूल उपाधियॉ, 64 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाण पत्र वाहक/डाक

## सामुदायिक रेडियो 'हैलो हल्द्वानी' से प्रसारित कार्यक्रम

1. पंतनगर विवि की शोध छात्रा तारा कोरंगा से कार्यक्रम आधी आबादी में खाद्य संरक्षण पर बातचीत दिनांक ) 2017 नवम्बर 3सुनीता भास्कर (
2. विज्ञान प्रसारक व बाल विज्ञान खोजशाला के संस्थापक जन विज्ञानी डा .आशुतोष उपाध्याय से मुलाकात कार्यक्रम में विज्ञान को समाज के विर्मश के साथ कैसे जोडें कैसे लोकप्रिय बनाएं इस विषय पर बातचीत ) 2017 नवम्बर 4भूपेन सिंह। (
3. दिल्ली से आए यूनीवार्ता में लंबे समय तक पत्रकार रहे राजेश वर्मा से कार्यक्रम मुलाकात में वेज बोर्ड व पत्रकारों के काम करने के हालातों पर बातचीत ) 2017 नवम्बर 8भूपेन सिंह।(
4. दिल्ली से आई डाक्यूमेंट्री मेकर व रीसर्चर मिथिला बेनिवाले से कार्यक्रम मुलाकात में डाक्यूमेंट्री फिल्मों व उसकी संभावनाओं को लेकर बातचीत ) 2017 नवम्बर 9भूपेन सिंह।(
5. उत्तराखंड मुक्त विवि में हुई पत्रकारिता के विद्यार्थियों की कार्यशाला के अनुभवों पर कार्यक्रम चर्चा में बातनवम् 9 चीत-बर ) 2017भूपेन सिंह।(

6. दिल्ली में टीवी चैनल आज तक में पत्रकार भारत सिंह से मीडिया कनर्वजेंस पर कार्यक्रम चौपाल में बातचीत ) 2017 नवम्बर 9अनिल नैलवाल।(
7. आकाशवाणी रामपुर के उद्घोषक व ए श्रेणी के लोकगायक सुरेन्द्र राजेश्वरी से लोकगायकी व लोक वाद्य यंत्रों को विलुप्त होने से बचाने पर कार्यक्रम लोकमन में बातचीत 2017 नवम्बर 10 )सुनीता भास्कर।(
8. हल्द्वानी से आए वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला से हल्द्वानी की पत्रकारिता पर मुलाकात कार्यक्रम में बातचीत ) 2017 नवम्बर 10भूपेन सिंह।(
9. ईंट भट्टा फैक्ट्री में सुपरवाइजर पवन बड़थ्वाल से ईटों के बनने की गुणवत्ता व उत्तराखंड में इसकी मांग व आपूर्ति पर कार्यक्रम जमीनी बात में बातचीत ) 2017 नवम्बर 13सुनीता भास्कर।(
10. जैव विविधता विशेषज्ञ व उत्तराखंड मुक्त विवि के रीजनल डायरेक्टर विपिन चन्द्र जोशी से उत्तराखंड में मेडीसनल पलांट्स औष)धीय पौधोंकी संभावनाओं को लेकर बातचीत कार्यक्रम ( ) 2017 नवम्बर 14 चर्चा मेंसुनीता भास्कर।(
11. दीक्षांत समारोह की रेडियो रिपोर्ट )2017 नवम्बर 14सुनीता भास्कर अनिल & ।रेडियो रिपोर्ट(नैलवाल
12. महिला स्वावलम्बन की मिसाल रुकमणी बिष्ट से उनके स्कूल पर बातचीत कार्यक्रम आधी आबादी ) 2017 नवम्बर 15उमा बिष्ट।(
13. हल्द्वानी नगर निगम के ब्रांड एंबेडसर मनोज नेगी जिनकी नाम से संस्था व (गो क्लीन गो ग्रीन) ) 2017 नवम्बर 16 अभियान है इस अभियान पर बातचीत का4यक्रम मिसाल बेमिसालउमा बिष्ट।(
14. युवा नेता पुष्कर सिंह कोश्यारी से उत्तराखंड में यूथ लीडरशिप को लेकर बातचीत कार्यक्रम यंग हल्द्वानी ) 2017 नवम्बर 20सुनीता भास्कर।(
15. पहाड़ से लौटी स्टूडेंट प्रिया पाण्डे से पहाड़ के हालातों व जंगली सुंअर से हुए नुकसान पर बातचीत ।(सुनीता भास्कर) कार्यक्रम हमर पहाड़ 2017 नवम्बर 20
16. कुमांऊ विवि अल्मोड़ा में इतिहास के प्रोफेसर डा अनिल जोशी से परमवीर चक्र संबंधी बातचीत. ।(सुनीता भास्कर) कार्यक्रम रूबरु 2017 नवम्बर 23
17. प्रो 2017 नवम्बर 23 भूपेन सिंह से मीडिया अध्ययन की कार्यशाला पर विस्तृत बातचीत . ।(अनिल नैलवाल & सुनीता भास्कर) कार्यक्रम हमारे विश्वविद्यालय
18. पद्मश्री ऐवरेस्ट विजेता पर्वतारोही लवराज सिंह धर्मसत्तू से उनके पर्वातरोहण के अनुभवों पर बातचीत कार्यक्रम मुलाकात में ) 2017 नवम्बर 26भूपेन सिंह।(

19.जनरल ए  कार्यक्रम रुबरू 2017 नवम्बर 27 भण्डारी से परमवीर चक्र संबंधी साक्षात्कार .के. (गिरिजा पाण्डे .प्रो)।

20.लॉ स्टूडेंट्स से महिला कानूनों पर बातचीत कार्यक्रम यंग हल्द्वानी )2017 नवम्बर 27सुनीता भास्कर।(

21.स्वतंत्र पत्रकार कमल पंत से  उनके ब्लाग बांगड़ू पर बातचीत कार्यक्रम साहित्य से दोस्ती  27 )2017 नवम्बरअनिल नैलवाल।(

22.शौर्य दीवार अनावरण की रेडियो रिपोर्ट नवम 29ूबर )2017सुनीता भास्कर अनिल  & ।(नैलवाल

23.भारत छोड़ो आन्दोलन की प्रदर्शनी पर विशेष रेडियो कार्यक्रम रेडियो  2017 नवम्बर 29 ।(अनिल नैलवाल & सुनीता भास्कर)रिपोर्ट

24.महिला डिग्री कॉलेज की छात्र संघ अध्यक्ष शिप्रा बसेड़ा से उनके कालेज की दिक्कतों के बावत बातचीत नवम 29ूबर ।(सुनीता भास्कर) कार्यक्रम आधी आबादी 2017

## बी0एड0(विशिष्ठ शिक्षा) कार्यशाला

विश्वविद्यालय द्वारा गढ़वाल मंडल के बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) के छात्रों की कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28/11/2017 से दिनांक 03/12/2017 तक श्री गुरू राम राय पी0जी0 कॉलेज, देहरादून में किया गया। छः दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को व्यवहारिक व सैद्धांतिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।




*बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) की कार्यशाला में जी जी आई सी, राजपुर की प्रधानाचार्या प्रेमलता बौड़ाई द्वारा प्रतिभाग*

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि जी0जी0आई0सी0 राजपुर रोड की प्रधानाचार्या प्रेमलता बौड़ाई ने शिक्षा को उजियारा फैलाने का सर्वोत्तम माध्यम बताया। उन्होंने कहा के शिक्षकों को संवेदनशील होने के साथ-साथ शिक्षण में नवाचार तकनीक का उपयोग करना चाहिए। विषय विशेषज्ञ सतीश चन्द्र ने दिव्यांगों को शिक्षित करने के लिए उनकी जरूरत के



*बी0एड0 (विशिष्ट शिक्षा) की कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी*

अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने पर जोर दिया। विशेषज्ञ सतीश चंद्र ने भी कहा कि वर्तमान में दिव्यांगों को शिक्षित करने हेतु उनकी जरूरत के मुताबिक पाठ्यक्रम बनाने की आवश्यकता है। विशेषज्ञ रामशंकर सक्सेना ने भी अपने विचार रखे। विश्वविद्यालय के विशिष्ट शिक्षा विभाग के संयोजक डॉ0 सिद्धार्थ कुमार पोखरियाल ने कार्यशाला पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर पूर्ण रूप से नेत्रहीन प्रतिभागी देवी प्रसाद को सम्मानित किया गया

## योग कार्यशाला

योग विभाग की प्राकृतिक चिकित्सा में डिप्लोमा (DYN-16) एंव स्नातक प्रथम वर्ष (BYN-16 1st) की कार्यशाला दिंनाक 06/11/2017 से 15/11/2017 तक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा 16/11/2017 को वेद निकेतन धाम हरिद्वार में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रथम हॉल में 165 डिप्लोमा व 32 स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया। दूसरे हॉल में 197 डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।



*हरिद्वार में योग कार्यशाला को संबोधित करते कुलसचिव प्रो0 आर0 सी0 मिश्र*

तीन बाह्य परीक्षको द्वारा विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी गयी। कार्यशाला में अलग-अलग विश्वविद्यालयों से आये विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया।

एक अन्य कार्यशाला जो कि दिंनाक 17/11/2017 से 26/11/2017 तक आयोजित की गई इसमें एम०ए०योग प्रथम वर्ष के 184 विद्यार्थियों ने तथा स्नातक द्वितीय वर्ष के 35 विद्यार्थियों ने व स्नातक तृतीय वर्ष के 14 विद्यार्थियों ने वेद निकेतन धाम हरिद्वार में कार्यशाला में प्रतिभाग किया। एम०ए०योग प्रथम वर्ष व स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष की कार्यशालायें अलग-अलग सभागारों में सम्पन्न हुई। इसकी प्रयोगात्मक परीक्षा 27/11/2017 को दो अलग-अलग परीक्षकों के द्वारा सम्पन्न कराई गयी। कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों से आये विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया।



*योग कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी*

 

*हरिद्वार में योग कार्यशाला में योगासन करते विद्यार्थी*

दिंनाक 22/11/2017 को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० नागेश्वर राव तथा विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो० आर०सी०मिश्र जी ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया।

इसके साथ ही साथ योग विज्ञान में सर्टिफिकेट व प्राकृतिक चिकित्सा में सर्टिफिकेट विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा वेद निकेतन धाम हरिद्वार में सम्पन्न हुई। जिसमें CYS के 3 व CIN के 8 विद्यार्थियों ने प्रयोगात्मक परीक्षा में प्रतिभाग किया। एक बाह्य परिक्षक के द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी गई।

## व्यावसायिक विकास सम्बन्धी गतिविधियॉ

- माह नवम्बर 2017 में विश्वविद्यालय के डॉ. सुमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, प्रबंध अध्ययन तथा सुश्री ममता कुमारी, सहायक प्राध्यापक, शिक्षाशास्त्र द्वारा UGC, HRDC कुमांऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Orientation Programme पूर्ण कर लिया गया है।
- माह नवम्बर, 2017 में विश्वविद्यालय के डॉ. अखिलेश सिंह, सहायक प्राध्यापक, पर्यटन द्वारा UGC, HRDC कुमांऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Orientation Programme में प्रतिभाग किया जा रहा है।

## शोध व अकादमिक सम्बन्धी गतिविधियॉ

- डॉ0 एम0सी0 जोशी, सहायक प्राध्यापक, इतिहास द्वारा लिखित 'कुमाऊ की शाक्त प्रतिमाएँ' नामक शोध पत्र प्रकाशित हुआ।

- डॉ0 गगन सिंह, सहायक प्रध्यापक, वाणिज्य "Economic Development and Indian Public Sector Enterprises", शीर्षक पर लिखित शोध पत्र The Management Accountant, Vol. 52, No. 11, November, 2017, pp. 53-63. (ISSN-0972-3528) में प्रकाशित हुआ |
- डॉमंजरी अग्रवाल ., सहायक प्राध्यापक, प्रबन्ध अध्ययन द्वारा "Contribution of Market Intermediaries to the Growth of Securities Market in India: Assessing the Relationship and Impact", शीर्षक पर लिखित शोध पत्र The IUP Journal of Applied Finance, ICFAI University Press (IUP) Vol. 23, No. 4, नवम्बर, 2017, pp. 53-63. (ISSN-0972-3528) में प्रकाशित हुआ |

## अन्य गतिविधियॉ

- दिनांक 1/11/2017 को कुलपति महोदय की अध्यक्षता में व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यू0जी0सी रेग्यूलेशन 2017 के प्रावधानों के अनुरूप कौशल विकास से सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की व्यवस्थाओं/प्रक्रियाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में निदेशक अकादमिक प्रो0 आर0 सी0 मिश्र, निदेशक व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा प्रो0 गिरिजा पाण्डे, निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं, प्रो0 एच0पी0 शुक्ल, समन्वयक व्यावसायिक अध्ययन विद्याशाखा, डॉ0 गोपाल दत्त, उद्यागों के आमंन्त्रित प्रतिनिधि- ए.जी.एम., मारूति इन्डिया प्रा0 लि0 श्री डी0 के0 शर्मा, एच0 आर0 मैनेजर, अशोक लिलेन्ड प्रा0 लि0, श्री अनिल स्वर्णनिकार, प्रोडक्सन हेड, अशोक लिलेन्ड प्रा0 लि0 डा0 बी0 सी0 जोशी एवं वाह्य सेवा प्रदाता मैनेजर, स्मार्ट स्किल श्री दीपक बिष्ट व श्री आशुतोष उपस्थित रहे। बैठक में कौशल विकास से सम्बन्धित भविष्य की सम्भावनाओं, कार्यक्रम संरचना, पाठ्यक्रम निर्माण एवं उद्योगों, वाह्य सेवा प्रदाताओं व विश्वविद्यालय के आपसी सह सम्बन्धिों के विषय में चर्चा की गयी।
- **पत्रकारिता की कार्यशाला-**

पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा पत्रकारिता के विद्यार्थियों की पॉच-पॉच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 6 से 10 नवम्बर तक हल्द्वानी तथा 17 से 22 नवम्बर 2017 तक देहरादून में किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा दिनॉक 17.11.2017 से 22.11.2017 तक छह


*पत्रकारिता की कार्यशाला का संचालन करते डॉ भूपेन सिंह*

दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्व साहित्यकार एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के प्रो0 लाल बहादुर जी, दून विश्वविद्यालय के डा0 हर्ष डोभाल एवं मुकेश देवराड़ी, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की नेहा भाटिया, माउन्टेन चैनल के श्री जय प्रकाश पंवार आदि द्वारा उत्तराखण्ड में पत्रकारिता का इतिहास एवं वर्तमान स्थिति विषय पर छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया गया जिसमें लगभग 50 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त संगोष्ठी में माननीय कुलपति जी के द्वारा दि0 22.11.2017 को छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया।

- **विज्ञान विषय की कार्यशालाऐं-**
    1. दिनांक 16 से 21 नवम्बर, 2017 तक **रसायन विज्ञान** विषय की कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन एसबीएस, पीजी, कॉलेज, रूद्रपुर में किया गया जिसमें 12 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। दिनांक 22 से 30 नवम्बर, 2017 तक एस जी आर आर पी जी कॉलेज देहरादून में किया गया जिसमें 70 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा दिनांक 25 से 29 नवम्बर, 2017 तक एम बी पी जी कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित किया गया जिसमें 18 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
    2. दिनांक 16 से 21 नवम्बर, 2017 तक **जन्तु विज्ञान** विषय की कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन एसबीएस, पीजी, कॉलेज, रूद्रपुर में किया गया जिसमें 14 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा दिनांक 22 से 28 नवम्बर तक एस जी आर आर पी जी कॉलेज देहरादून में आयोजित की गई जिसमें 17 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
    3. दिनांक 16 से 29 नवम्बर, 2017 तक **वनस्पति विज्ञान** विषय की कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन पं एल एम एस पी जी कॉलेज ऋषिकेश, एस जी आर आर पी जी कॉलेज देहरादून, एस बी एस पी





*जन्तु विज्ञान की कार्यशाला में प्रतिभाग करते विद्यार्थी*

जी कॉलेज रूद्रपुर एवं एम बी पी जी कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित हुई जिसमें 110 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

4. दिनांक 16 से 29 नवम्बर, 2017 तक **भौतिक शास्त्र** विषय की कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन पं एल एम एस पी जी कॉलेज ऋषिकेश, एस जी आर आर पी जी कॉलेज देहरादून, एस बी एस पी जी कॉलेज रूद्रपुर एवं एम बी पी जी कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित हुई जिसमें 85 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
5. दिनांक 18 से 26 नवम्बर, 2017 तक **भूगोल** विषय की कार्यशाला एवं प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन एस जी आर आर पी जी कॉलेज देहरादून तथा एस बी एस पी जी कॉलेज रूद्रपुर में आयोजित हुई जिसमें 17 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

- माह नवम्बर, 2017 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त माह दिसम्बर, 2017 में होने वाली परीक्षाओं की तैयारियॅा, प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं का प्रेषण कार्य, शिक्षकों द्वारा पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

***************